
# ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म
(वैकल्पिक, फाड़ दें)

कृपया नीचे दिए गए भाग A और B को सिर्फ तभी पूरा करें अगर आप अपने बच्चे के cCMV परिणाम रिकॉर्ड नहीं करना चाहते हैं। फ़ॉर्म को पूरा करने के बाद, ब्रोशर से इस सेक्शन को सावधानी के साथ हटा दें। यह सेक्शन आपकी नर्स या प्रसव के दौरान मौजूद कर्मी को दे दें। यह सुनिश्चित करें कि नर्स इस फ़ॉर्म को आपके बच्चे की नवजात शिशु की जांच के साथ जोड़ती है। यह फ़ॉर्म आप NBS प्रोग्राम को भी भेज सकते हैं (पेज 6 पर पता देखें)।




## बाहर निकलने के लिए भाग A और भाग B को पूरा करें:

**A. नीचे जानकारी दर्ज करें:**

नवजात शिशु की जांच की लैब आईडी (गुलाबी पर्ची से): ______

शिशु का पहला नाम: ______

शिशु का उपनाम: ______

शिशु की जन्मतिथि (MM/DD/YYYY): ______

जन्म देने वाली माता का पहला नाम: ______

जन्म देने वाली माता का उपनाम: ______

जन्म देने वाली माता की जन्मतिथि (MM/DD/YYYY): ______

जन्म का हॉस्पिटल: ______

**B. आपके ऑप्ट-आउट की पुष्टि करने के लिए प्रथमाक्षर, हस्ताक्षर और दिनांक:**

मैं (प्रथमाक्षर यहां) ________ अपने शिशु के cCMV टेस्ट का परिणाम प्राप्त न करने का निर्णय लेता/लेती हूं, भले ही परिणाम सकारात्मक हों।

अभिभावक का नाम (प्रिंट की हुई): ______

अभिभावक का हस्ताक्षर: ______

हस्ताक्षर की तिथि (MM/DD/YYYY): ______

पलट दें →

## सन्दर्भ और संसाधन

**न्यूयॉर्क राज्य के नवजात शिशु का जांच प्रोग्राम**
**(New York State Newborn Screening Program)**
https://www.wadsworth.org/programs/newborn/screening/additional-testing

**अमेरिकी शिशु चिकित्सा अकादमी**
**(American Academy of Pediatrics)**
https://www.aap.org/en/news-room/aap-voices/newborn-screening-for-congenital-cytomegalovirus-one-pediatricians-journey/

**बच्चे का पहला टेस्ट (Baby's First Test)**
https://www.babysfirsttest.org/newborn-screening/conditions/congenital-cytomegalovirus

**रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र**
**(Centers for Disease Control and Prevention, CDC)**
https://www.cdc.gov/cmv/index.html

**U.S. नेनेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन**
**(U.S. National Library of Medicine), MedlinePlus**
https://medlineplus.gov/cytomegalovirusinfections.html

**मायो क्लिनिक (Mayo Clinic)**
https://www.mayoclinic.org/diseases-conditions/cmv/symptoms-causes/syc-20355358

**और जानकारी के लिए, देखें:**
www.wadsworth.org/newborn

20568 (Hindi)

NEW YORK STATE | Department of Health

07/23



# साइटोमेगालोवायरस (Cytomegalovirus, CMV) के लिए नवजात शिशु की जांच।

## हर बच्चे के लिए एक नया टेस्ट

*जन्म के बाद पहले सप्ताह में आपको जो भी कुछ जानने की ज़रूरत है, जिसमें परिणाम प्राप्त न करने का तरीका भी शामिल है*

www.wadsworth.org/newborn

NEW YORK STATE | Department of Health

## पैदाइशी साइटोमेगालोवायरस (cCMV) के लिए नवजात शिशु की जांच।

> न्यूयॉर्क राज्य में हर साल पैदा होने वाले लगभग 1,100 बच्चों में, या हर 200 में से एक बच्चे में पैदाइशी CMV होने की गुंजाइश होती है।

न्यूयॉर्क राज्य के नवजात शिशु की जांच (Newborn Screening, NBS) के प्रोग्राम को प्राप्त सभी नवजात शिशु की जांच के सैंपल को 2023 की गर्मियों के शुरू होने से लेकर 1 साल तक के लिए पैदाइशी साइटोमेगालोवायरस (congenital cytomegalovirus, cCMV) की मौजूदगी देखने के लिए जांचा जाएगा। हमारा अनुमान है कि हर 200 नवजात शिशुओं में से एक के cCMV टेस्ट का परिणाम पॉज़िटिव आ सकता है। कुछ बच्चे जो cCMV के साथ पैदा होते हैं उनमें सुनने की क्षमता में कमी या दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का विकास हो सकता है।

सभी शिशुओं का cCMV के लिए टेस्ट किया जाएगा, लेकिन आप cCMV टेस्ट के परिणाम प्राप्त न करने का विकल्प चुन सकते हैं और अपने नवजात शिशु की जांच के रिकॉर्ड से उनका वह परिणाम हटवा सकते हैं। अगर आप ये परिणाम प्राप्त नहीं करना चाहते हैं और नवजात शिशु की जांच की रिपोर्ट से अपने बच्चे के cCMV टेस्ट के परिणामों को हटवाना चाहते हैं, तो ऑप्ट आउट करने के लिए इस ब्रोशर के पेज 6 पर दिए गए निर्देशों का पालन करें। ऑप्ट आउट का मतलब है कि आपके बच्चे के cCMV टेस्ट के परिणाम के बारे में न तो आपको सूचित किया जाएगा और न ही आपके बच्चे के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को, परिणाम भले ही पॉज़िटिव क्यों न हो। अगर आप ऑप्ट आउट करना चाहते हैं तो आपको जल्द कदम उठाना होगा आपके बच्चे के नवजात शिशु की जांच की रिपोर्ट उसके जन्म के 5-7 दिन बाद पूर्ण हो जाएगी। अगर आप उससे पहले NBS प्रोग्राम से संपर्क नहीं करते, तो आपके बच्चे के cCMV टेस्ट का परिणाम उसकी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। अगर आप अपने बच्चे के cCMV टेस्ट का परिणाम प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है।

## नवजात शिशु की जांच क्या है?

संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाले हरेक बच्चे को जन्म के तुरंत बाद कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्यांओं की मौजूदगी देखने के लिए जांचा जाता है। इन टेस्ट को नवजात शिशु की जांच (NBS) कहा जाता है। हरेक राज्य में एक नवजात शिशु का जांच प्रोग्राम होता है जो यह टेस्ट करवाने की सुविधा देता है। न्यूयॉर्क राज्य (New York State, NYS) NBS प्रोग्राम राज्य में जन्म लेने वाले सभी बच्चों को प्रदान की जाने वाली एक मुफ़्त सेवा है। यह जांच NYS सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून धारा 2500-a और 2500-f के तहत ज़रूरी है। नवजात शिशु की जांच का लक्ष्य बच्चों के बीमार होने से पहले उनकी समस्याओं का पता लगाकर उनका इलाज करना है।

NYS NBS प्रोग्राम 50 से ज़्यादा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की मौजूदगी देखने के लिए बच्चों की जांच करता है। कई दुर्लभ होती हैं, और वे आमतौर पर गंभीर होती हैं। कुछ के कारण बेवक़्त मौत हो सकती है। दूसरी बच्चे के विकास को धीमा कर सकती हैं। कुछ सीखने की विकलांगता का कारण बन सकती हैं। दूसरे संकेत और लक्षण भी मुमकिन हैं। NYS में टेस्ट की जाने वाली सभी समस्याओं के लिए इलाज मौजूद हैं। जल्द इलाज करवाना बहुत ज़रूरी है! बच्चों की समस्या का पता लगाकर उनका इलाज करने से उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिल सकती है। हमारी वेबसाइट NYS NBS प्रोग्राम द्वारा जांची जाने वाली बिमारियों को सूचीबद्ध करती है।

**और जानकारी के लिए, देखें:** www.wadsworth.org/newborn



## मैं अपने बच्चे की cCMV की जांच का परिणाम प्राप्त नहीं करना चाहता/चाहती। मैं ऑप्ट आउट कैसे करूं?

न्यूयॉर्क राज्य के नवजात शिशु के जांच प्रोग्राम को प्राप्त सभी नवजात शिशु की जांच के सैंपल को 2023 की गर्मियों के शुरू होने से लेकर 1 साल तक के लिए cCMV की मौजूदगी देखने के लिए जांचा जाएगा। माता-पिता नवजात शिशु की जांच की रिपोर्ट में इन परिणामों को दर्ज न करवाने का निर्णय ले सकते हैं। **अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे के रिकॉर्ड में यह परिणाम न आए, तो आपको अपने बच्चे की रिपोर्ट पूर्ण होने से पहले ऑप्ट आउट करना होगा। रिपोर्ट आम तौर पर बच्चे के जन्म के 5-7 दिन के अंदर तैयार हो जाती हैं। अगर आप ऑप्ट आउट करना चाहते हैं तो कृपया जल्द कदम उठाएं** आपके बच्चे की रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद आप इससे ऑप्ट आउट नहीं कर सकते। अगर ऑप्ट आउट करना चाहते हैं, तो निम्नलिखित विकल्पों में से **एक** का इस्तेमाल करके NYS NBS प्रोग्राम को सूचित करें:

1. इस ब्रोशर के सामने दिए हुए **QR कोड को स्कैन करें**। हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों का पालन करें।
2. **इस ब्रोशर में दिए ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म (मुड़ा हुआ है) को निकालें और उसे भरें। इसे प्रसव के हॉस्पिटल में नर्स को दें ताकि इसे आपके बच्चे के नवजात शिशु की जांच के सैंपल से जोड़ा जा सके।** इस विकल्प को जन्म के 2 दिन के अंदर चुनना होगा।
3. पूर्ण रूप से भरे हुए ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म (मुड़ा हुआ है) की एक तस्वीर **ईमेल करें**: cmvnbs@health.ny.gov पर।
4. NYS NBS प्रोग्राम को **कॉल करें**: **518-473-7552 (विकल्प 5)** *अनुरोध पर भाषा अनुवाद उपलब्ध है।
5. ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म को यहां पर **मेल करें**:

   Newborn Screening Program<br>NYS Department of Health<br>120 New Scotland Avenue<br>Albany, NY 12208

> **ज़रूरी:** अगर आप ऑप्ट आउट करना चुनते हैं, तो आपके बच्चे का परिणाम बिल्कुल भी रिपोर्ट नहीं किया जाएगा। ऑप्ट आउट का मतलब है कि आपको और आपके बच्चे के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को आपके बच्चे के टेस्ट के परिणाम के बारे में सूचित नहीं किया जाएगा भले ही वह पॉज़िटिव क्यों न हो।

*(ध्यान दें: आपके पास लैब आईडी होनी चाहिए। (मुड़ी हुई जगह पर देखें), बच्चे का नाम, बच्चे की जन्मतिथि, जन्म देने वाली माता का नाम और जन्म देने वाली माता की जन्मतिथि)*

**कृपया ध्यान दें कि ऑप्ट आउट करना चुनकर, आप सिर्फ cCMV की जांच के परिणामों को रिकॉर्ड किए जाने से ऑप्ट आउट कर रहे हैं। तब भी आपके बच्चे का नवजात शिशु की पूर्ण सूचि के लिए टेस्ट किया जाएगा।** माता-पिता सिर्फ धार्मिक कारणों से नवजात शिशु की पूरी जांच से ऑप्ट आउट करने का विकल्प चुन सकते हैं। नवजात शिशु की पूरी जांच से ऑप्ट आउट करने के लिए माता-पिता को एक अलग फ़ॉर्म भरना पड़ेगा।

और जानकारी के लिए इनमें से किसी एक तरीके का इस्तेमाल करके हमसे संपर्क करें:

**फ़ोन:** 518-473-7552 (विकल्प 5)<br>**CMV ईमेल:** cmvnbs@health.ny.gov<br>**वेबसाइट:** www.wadsworth.org/newborn



# ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म

(वैकल्पिक, फाड़ दें)

हम आपकी पसंद का सम्मान करते हैं। हम इस बारे में और जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्यों लोग ऑप्ट आउट करना चाहते होंगे। ऑप्ट आउट करने के लिए आपके क्या कारण थे? कृपया जितने चाहें उतने जवाबों को चुनें।

- ☐ मुझे अपने बच्चे के इस टेस्ट के परिणाम नहीं चाहिए
- ☐ मेरे पास निर्णय लेने के लिए पर्याप्त जानकारी नहीं है
- ☐ मैं cCMV के बारे में जानने के लिए बहुत थका हुआ/व्यस्त/भयभीत हूं
- ☐ मुझे अपने बच्चे की निजता को लेकर चिंता है
- ☐ मैं ऐसी कोई बात नहीं जानना चाहता/चाहती जिससे मुझे घबराहट हो
- ☐ मुझे नहीं लगता कि मेरे बच्चे को कोई अतिरिक्त टेस्ट करवाने की ज़रूरत है
- ☐ मैं अनिश्चित परिणामों की गुंजाइश को लेकर चिंतित हूं
- ☐ मुझे यह चिंता है कि शायद cCMV के लिए कोई प्रभावी इलाज न हो
- ☐ मैं नहीं चाहता/चाहती कि मेरे बच्चे का किसी ऐसे वायरस के लिए टेस्ट किया जाए जो शायद सालों तक उसे कोई दिक्कत न दे
- ☐ मुझे मेरे बच्चे के भविष्य की चिंता है कि अगर उसे cCMV है तो क्या होगा
- ☐ मुझे विज्ञान/सरकार पर भरोसा नहीं है
- ☐ अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें: ____________________
- ☐ जवाब देना पसंद नहीं

## जांच पॉज़िटिव आना और अगले कदम

**यह नवजात शिशु की cCMV जांच कोई डायग्नोस्टिक टेस्ट नहीं है। इससे यह नहीं पता चल सकता कि आपके बच्चे में निश्चित रूप से cCMV है या नहीं।** अगर आपके बच्चे की cCMV जांच का परिणाम पॉज़िटिव आता है तो आपको कॉल किया जाएगा। आपको आपके बच्चे का स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या कोई संक्रामक बीमारी विशेषज्ञ कॉल कर सकता है। वे आपके साथ आपके बच्चे के परिणामों पर बातचीत करेंगे। वे आपके बच्चे के लिए अपॉइंटमेंट निर्धारित करेंगे। उस विज़िट में, आपके बच्चे से मूत्र का एक सैंपल लिया जाएगा। इस मूत्र के सैंपल पर एक CMV टेस्ट किया जाएगा। यह डायग्नोस्टिक टेस्ट बताएगा कि आपके बच्चे में cCMV है या नहीं। मूत्र का यह टेस्ट आपके बच्चे के जन्म के बाद जितनी जल्दी हो सके करवा लेना ज़रूरी होता है।

नवजात शिशु की जांच में गलत पॉज़िटिव परिणामों का आना दुर्लभ है लेकिन ऐसा हो भी सकता है। यही वजह है कि आपके बच्चे में cCMV है या नहीं इसकी पुष्टि के लिए मूत्र के डायग्नोस्टिक टेस्ट की ज़रूरत होती है।

अगर आपके बच्चे में cCMV होने का पता चला है, तो आपके बच्चे के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ काम करना बहुत ज़रूरी है। आपके बच्चे की देखभाल के लिए अगले कदमों की योजना आपके साथ मिलकर बनाई जाएगी। आपके बच्चे का स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता यह निर्णय लेने में आपकी मदद करेगा कि आपके बच्चे को इलाज से फायदा होगा या नहीं। cCMV वाले कुछ बच्चों का इलाज दवाई के ज़रिए किया जा सकता है।

## cCMV वाले बच्चों के परिवारों के लिए जानकारी

सहायता समूह cCMV से पीड़ित बच्चों के परिवारों को जोड़ने में मदद कर सकते हैं। इससे उन लोगों से बात करने में मदद मिल सकती है जिन्हें cCMV के साथ जीने का अनुभव है। ये समूह एक समुदाय बनाने में मदद करते हैं। ये संगठन परिवारों, cCMV से पीड़ित लोगों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और अधिवक्ताओं के लिए संसाधन प्रदान करते हैं:

**राष्ट्रीय CMV फाउंडेशन (National CMV Foundation)** की एक वेबसाइट है जिसमें cCMV से पीड़ित बच्चों की कहानियां हैं, जो उनके माता-पिता द्वारा शेयर की गई हैं। वे उन माता-पिता के लिए कई मददगार उपकरण और संसाधन भी प्रदान करते हैं जिनके बच्चे cCMV से संक्रमित हैं।
**देखें:** www.nationalcmv.org

**पैदाइशी CMV बीमारी की राष्ट्रीय रजिस्ट्री (National Congenital CMV Disease Registry)** एक-दूसरे की मदद और समर्थन करने के लिए अन्य परिवारों के साथ जानकारी शेयर करने का एक तरीका प्रदान करती है।
**यहां जाकर देखें:** https://www.bcm.edu/departments/pediatrics/divisions-and-centers/congenital-cmv-disease-research-clinic-registry



## NYS NBS प्रोग्राम cCMV के लिए यह अतिरिक्त टेस्ट क्यों कर रहा है?

cCMV के लिए सभी नवजात शिशुओं का टेस्ट करने से 3 सवालों के जवाब देने में मदद मिलेगी:

1. क्या नवजात शिशु की जांच से cCMV का पता लगाया जा सकता है?
2. नवजात शिशुओं में cCMV कितना आम है?
3. यह टेस्ट cCMV वाले बच्चों की मदद कैसे कर सकता है?

## cCMV की जांच क्यों सहायक होती है?

अगर कोई व्यक्ति पहली बार गर्भावस्था के समय इस वायरस से संक्रमित होता है, तो बच्चे में भी इसके संक्रमण होने की संभावना 10 में से 4 है। एक व्यक्ति जो गर्भावस्था से पहले इस वायरस से संक्रमित हुआ था, वह भी इसे बच्चे तक पहुंचा सकता है। गर्भवती लोगों का CMV के लिए नियमित टेस्ट नहीं होता है, इसलिए उन्हें पता नहीं भी हो सकता कि गर्भावस्था के दौरान इस वायरस से उनका संपर्क हो गया है। **वयस्कों में CMV अक्सर ही हानिकारक नहीं होता है, लेकिन cCMV के साथ पैदा होने वाले बच्चों में लक्षणों और दीर्घकालिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा होता है।**

CMV एक बहुत ही सामान्य वायरस है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, 5 साल की उम्र तक लगभग 3 में से 1 बच्चा CMV से संक्रमित होता है। 40 साल की उम्र तक, संयुक्त राज्य अमेरिका में आधे से अधिक वयस्क CMV से संक्रमित हो चुके होते हैं। ज़्यादातर वयस्कों को पता नहीं होता है कि यह उनमें वायरस है, क्योंकि ज़्यादातर लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। CMV वाले कुछ लोगों को सर्दी जैसे लक्षणों का अनुभव होता है। लक्षणों में गले में खराश, बुखार, थकान और ग्लैंड में सूजन शामिल हो सकते हैं। **ज़रूरी बात यह है कि जिन गर्भवती लोगों को पता नहीं होता है कि उनमें यह वायरस है, वे अपने अजन्मे बच्चों तक भी यह वायरस पहुंचा सकते हैं।**

> क्योंकि cCMV वाले ज़्यादातर बच्चे जन्म के समय कोई संकेत या लक्षण नहीं दिखाते हैं, इसलिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के लिए बच्चे की सुनने की क्षमता और विकासात्मक उपलब्धियों पर नज़र रखना ज़रूरी होता है। सुनने की हानि को जीवन में जल्दी पकड़ना ज़रूरी होता है और इससे विकासात्मक विलंब को रोका जा सकता है।

## cCMV की जांच कैसे की जाती है?

नवजात शिशु की जांच के लिए NYS में पैदा होने वाले सभी बच्चों के खून का एक छोटा सा सैंपल लिया जाता है। इस खून को एड़ी में हलके से सुई चुभाकर लिया जाता है। खून के ये सैंपल NYS NBS प्रोग्राम के पास भेजे जाते हैं। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में हर दिन हजारों बच्चों पर किया जाने वाला एक नियमित टेस्ट है। **cCMV की जांच के लिए अतिरिक्त खून की ज़रूरत नहीं होती है।** cCMV की जांच उसी खून के सैंपल पर की जाएगी। cCMV की जांच खून में वायरस के लक्षणों की मौजूदगी ढूंढती है। **यह टेस्ट मुफ़्त है।**



## cCMV की जांच के संभावित परिणाम क्या-क्या हैं?

**cCMV की जांच का नेगेटिव परिणाम: जांच का नेगेटिव परिणाम एक सामान्य परिणाम है।** नेगेटिव परिणाम का मतलब ज़्यादा संभावना है कि आपके बच्चे को cCMV संक्रमण नहीं है। ज़्यादातर बच्चों के cCMV की जांच के नेगेटिव परिणाम होंगे। क्योंकि यह एक जांच से संबंधित टेस्ट है; यह मुमकिन है कि cCMV वाले कुछ बच्चे छूट जाएं। अगर आपके बच्चे में cCMV के लक्षण हों या सुनने की हानि हो तो उनका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मूत्र का डायग्नोस्टिक टेस्ट करवाने का आदेश दे सकता है। इस मूत्र के टेस्ट का इस्तेमाल वायरस का पता लगाने के लिए किया जाएगा।

**cCMV की जांच का पॉज़िटिव परिणाम: जांच का पॉज़िटिव परिणाम एक सामान्य परिणाम नहीं है।** पॉज़िटिव परिणाम का मतलब ज़्यादा संभावना है कि आपके बच्चे में cCMV संक्रमण है। आपके बच्चे में cCMV है या नहीं इसकी पुष्टि के लिए मूत्र के डायग्नोस्टिक टेस्ट की ज़रूरत होगी। और जानकारी के लिए पेज 5 पर "जांच पॉज़िटिव आना और अगले कदम" देखें।



## cCMV संक्रमण के साथ पैदा हुए बच्चे

हमें यह उम्मीद होती हैं कि हर 200 बच्चों में से 1 की cCMV की जांच पॉज़िटिव आएगी। जिन बच्चों की जांच पॉज़िटिव आती है, उनके संभावित परिणाम ये हैं:

- जन्म के समय बच्चा स्वस्थ होता है और उसमें cCMV का कोई संकेत या लक्षण नहीं दिखता है। cCMV से शिशु को कभी भी कोई भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं होती है।
- जन्म के समय बच्चा स्वस्थ दिखाई देता है लेकिन बाद में cCMV के कारण उसमें सुनने की हानि होती है और विकास में विलंब आ जाता है।
- जन्म के समय बच्चे में cCMV से सुनने की हानि के लक्षण दिखाई देते हैं। ***सुनने की हानि वाले शिशुओं और बच्चों को बोलने में और विकास संबंधी विलंब का खतरा होता है।**
- जन्म के समय बच्चा बीमार होता है और उसमें cCMV के अतिरिक्त लक्षण दिखाई देते हैं। **cCMV के साथ पैदा होने वाले लगभग 10 में से 1 बच्चा जन्म के समय बीमार होगा।** इन बच्चों में पाए जाने वाले लक्षणों में चकत्ते, त्वचा या आंखों के सफेद भाग का पीला पड़ना (पीलिया), सिर का छोटा आकार (माइक्रोकेफ़ली), जन्म के समय कम वजन, बढ़ा हुआ लिवर या प्लीहा, दौरे पड़ना और आंखों की क्षति शामिल हो सकते हैं।

## सुनने की हानि का जल्द पता लगाना

सुनने की हानि cCMV संक्रमण का सबसे आम परिणाम होता है। सुनने की हानि बच्चे की भाषा, वाणी और सामाजिक कौशल को प्रभावित कर सकती है।

NYS सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून धारा 2500-g के तहत यह ज़रूरी है कि सभी नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद श्रवण की जांच हो। अगर आपके बच्चे की श्रवण की जांच ठीक नहीं आती है, तो एक अलग डायग्नोस्टिक टेस्ट का इस्तेमाल करके cCMV के लिए उनका टेस्ट किया जाएगा। यह NYS सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून धारा 2500-a के तहत ज़रूरी है।

अगर अपने बच्चे के श्रवण की जांच के बारे में आपका कोई प्रश्न या चिंता है, तो उनके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। NYS में, नवजात शिशु की श्रवण जांच के परिणाम जल्द श्रवण जांच और हस्तक्षेप (Early Hearing Detection and Intervention, EHDI) प्रोग्राम को सूचित किए जाते हैं।

**ध्यान दें:** यह श्रवण की जांच और नवजात शिशु की cCMV जांच दोनों अलग-अलग हैं। दोनों ही टेस्ट में सुनने की हानि वाले शिशुओं का पता नहीं भी चल सकता है।

**EHDI प्रोग्राम के बारे में और जानकारी के लिए उनकी वेबसाइट पर जाएं:**
https://www.health.ny.gov/community/infants_children/early_intervention/newborn_hearing_screening/